Speed-Post

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्याःजी-253 /जी०एस०
दिनांक 17 जनवरी, 2017

प्रेषक,

अनु सचिव,
राज्यपाल सचिवालय,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

श्री राजेश पुरोहित,
निदेशक,
इलाहाबाद संग्रहालय,
इलाहाबाद।

विषय : दिनांक 24 दिसम्बर, 2016 को सम्पन्न इलाहाबाद संग्रहालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक के कार्य–वृत्त के अनुमोदन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्याःइ.स./कार्यकारिणी/2017–18/257, दिनांक 11 जनवरी, 2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय राज्यपाल/अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति द्वारा उक्त कार्य–वृत्त को अनुमोदित करते हुए उस पर हस्ताक्षर कर दिये गये हैं।

तदनुसार माननीय राज्यपाल/अध्यक्ष महोदय द्वारा हस्ताक्षरित कार्यवृत्त मूल रुप में संलग्न कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र)
अनु सचिव।

संलग्नकःयथोपरि।

Scanned by CamScanner

## इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद

## इलाहाबाद संग्रहालय समिति की 'कार्यकारिणी समिति' की 24 दिसम्बर 2016 को पूर्वाह्न 11 बजे राजभवन, लखनऊ में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे–

1. श्री राम नाईक – अध्यक्ष
   माननीय राज्यपाल, उ.प्र.,
   राजभवन, लखनऊ
2. श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह – सदस्य
   अवर सचिव, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय
   प्रतिनिधि, संयुक्त सचिव,
   भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली
3. श्री यशवंत सिंह राठौर, – सदस्य
   निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, बनारसी बाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
4. श्री राजेश पुरोहित – सदस्य–सचिव
   निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय,
   इलाहाबाद।

वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली, प्रो. डी.एन. त्रिपाठी, 'लीला निलयम', 99–ए, इन्दिरा नगर, पो.– शिवपुरी, गोरखपुर एवं प्रो. विदुला जायसवाल, गणपति अपार्टमेन्ट, 809, नगवा, वाराणसी उपर्युक्त बैठक में अनुपस्थित थे।

संग्रहालय के निदेशक श्री राजेश पुरोहित ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व माननीय राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति श्री राम नाईक जी एवं अन्य सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया, तत्पश्चात् प्रस्तावों पर कार्रवाई प्रारम्भ हुई एवं निम्नलिखित निर्णय लिए गएः–

**प्रस्ताव सं.1.** दिनांक 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।

**29 मार्च 2016** को सम्पन्न 'कार्यकारिणी' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**प्रस्ताव सं.2.** दिनांक 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा।

दिनांक 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक में लिए गए निर्णयों के सन्दर्भ में इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई, तथा निम्नलिखित प्रस्तावों पर यह निर्णय लिया गया–

प्रस्ताव सं.–11 (12 मई 2012 को सम्पन्न बैठक)– इलाहाबाद संग्रहालय पर एक वृत्तचित्र (डाक्यूमेन्ट्री) बनाने की सूचना ग्रहण करना।

उक्त प्रकरण में 'कार्यकारिणी समिति' के समक्ष वृत्तचित्र (डाक्यूमेन्ट्री) का प्रदर्शन किया गया तथा 'कार्यकारिणी समिति' द्वारा वृत्तचित्र की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। और यह निर्देश दिया गया कि यथाशीघ्र इस सी.डी. की कॉपी कर विक्रय पटल पर विक्रय हेतु रखी जाये जिससे ज्यादा–से–ज्यादा दर्शक इस सी.डी. को प्राप्त कर देख सकें और संग्रहालय का ख्यातिवर्द्धन हो। इसके साथ ही साथ यह भी अपेक्षा की है कि उक्त वृत्तचित्र का प्रदर्शन संग्रहालय के समागार में संग्रहालय द्वारा निर्मित समय सारिणी के अनुसार दर्शकों एवं आगन्तुकों हेतु किया जाय तथा समय–सारिणी को संग्रहालय के सूचना–पट पर भी चस्पा किया जाय।

Scanned by CamScanner

**प्रस्ताव सं.–8 (3) डॉ0 दिनेश कुमार केसरवानी, टेक्निकल असिस्टेन्ट, इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा कार्य के प्रति शिथिलता, दिए गए कर्त्तव्य एवं निर्वहन की जिम्मेदारी के प्रति की जा रही उपेक्षा तथा कर्मचारियों के प्रति उनके द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के संदर्भ में प्रस्ताव।**

समिति के उपरोक्त निर्णय के आलोक में डॉ0 केसरवानी के आरम्भ से आज तक के समस्त प्रकरण क्रमबद्ध रूप से माननीय अध्यक्ष महोदय के विचारार्थ प्रेषित किया गया था। डॉ0 केसरवानी का यह विषय अभी माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है अतः उपर्युक्त प्रकरण में समिति के माननीय सदस्यों ने विचारोपरांत यह निर्णय लिया कि माननीय उच्च न्यायालय के अन्तिम आदेशोपरांत सक्षम अधिकारी, निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय समिति द्वारा बाई–लॉज की धारा–6 एवं 53 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाय तथा इसकी सूचना से माननीय अध्यक्ष महोदय को भी अवगत कराया जाय।

समिति द्वारा यह भी अपेक्षा की गई है कि माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन शेष वादों को वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा प्रभावी रूप से पैरवी कराई जाय और यथाशीघ्र वादों को निस्तारित कराया जाय।

**(4) 'निदेशक के वैयक्तिक सहायक' के रिक्त पद पर कार्य कर रहे श्री सुनील कुमार पाण्डेय के नियमितीकरण सम्बंधी लाभ एवं उनकी योग्यता को शिथिल करने हेतु प्रस्ताव पर विचार किया जाना।**

निदेशक के वैयक्तिक सहायक के पद पर श्री सुनील कुमार पाण्डेय के विनियमितीकरण के संबंध में श्री पाण्डेय को निर्धारित आयु सीमा में शिथिलता प्रदान करते हुए नियमानुसार निर्धारित चयन प्रक्रिया में सफल होने पर ही उनके विनियमितीकरण की कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। इलाहाबाद संग्रहालय प्रशासन द्वारा नियमित पद को नियम विरुद्ध इतने वर्षों तक रिक्त रखने एवं उक्त पद पर कैजुअल कर्मी को कार्यरत रखने पर कार्यकारिणी ने घोर आपत्ति प्रकट की।

उपरोक्त समीक्षा के उपरान्त 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.3. दिनांक 16 अगस्त 2016 को सम्पन्न 'वित्त–समिति' के बैठक की कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।**

16 अगस्त 2016 को सम्पन्न 'वित्त–समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.4. दिनांक 26.10.2016 को सम्पन्न 'बिल्डिंग वर्क्स कमेटी' के बैठक की कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।**

26 अक्टूबर 2016 को सम्पन्न 'बिल्डिंग वर्क्स कमेटी' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई और यह निर्णय लिया गया कि वित्त समिति की बैठक दिनांक 19 दिसम्बर 2016 के कार्यवृत्त के आलोक में यथाशीघ्र के.लो.नि.वि. से आंकलन प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाय।

**प्रस्ताव सं.5. वर्ष 2016–17 के योजनागत (प्लान) तथा योजनेतर (नान–प्लान) के संशोधित बजट अनुमान (R.E.) की एवं उपयोग की गई बजट की सूचना ग्रहण करना एवं वर्ष 2017–18 के योजनागत (प्लान) तथा योजनेतर (नान–प्लान) बजट पर विचार एवं अनुमोदन किया जाना।**

वर्ष 2016–17 के योजनागत (प्लान) तथा योजनेतर (नान–प्लान) के संशोधित बजट अनुमान (R.E.) की एवं उपभोग किए गए बजट की सूचना ग्रहण की गई

Scanned by CamScanner

तथा वर्ष 2017–18 के योजनागत (प्लान) तथा योजनेतर (नान–प्लान) बजट पर विचारोपरान्त अनुमोदन किया गया।

प्रस्ताव सं.6. परिपत्र के माध्यम से माननीय 'कार्यकारिणी समिति' के सदस्यों द्वारा अनुमोदित 'वार्षिक लेखा वर्ष 2015–16' एवं एम.ओ.यू.–2016–17 की सूचना ग्रहण करना।

परिपत्र के माध्यम से माननीय 'कार्यकारिणी समिति' के सदस्यों द्वारा अनुमोदित 'वार्षिक लेखा वर्ष 2015–16' एवं एम.ओ.यू.–2016–17 की सूचना कार्यकारिणी समिति द्वारा ग्रहण की गई।

प्रस्ताव सं.7. इलाहाबाद संग्रहालय के 'वार्षिक प्रतिवेदन–2015–16' एवं 'वार्षिक लेखा वर्ष 2015–16' के पृथक–सम्प्रेक्षा रिपोर्ट का अनुमोदन कर अंगीकार (Adopt) करना।

इलाहाबाद संग्रहालय के 'वार्षिक प्रतिवेदन–2015–16' एवं 'वार्षिक लेखा वर्ष 2015–16' की पृथक–सम्प्रेक्षा रिपोर्ट का अनुमोदन कर अंगीकार (Adopt) किया गया।

प्रस्ताव सं.8. भारत सरकार द्वारा 'ग्रुप–सी' एवं 'ग्रुप–बी' अराजपत्रित पदों हेतु साक्षात्कार खत्म किए जाने की सूचना ग्रहण करना तथा संग्रहालय में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा प्रक्रिया पर विचार हेतु प्रस्ताव।

भारत सरकार द्वारा 'ग्रुप–सी' एवं 'ग्रुप–बी' अराजपत्रित पदों हेतु साक्षात्कार खत्म किए जाने की सूचना ग्रहण की गई तथा संग्रहालय में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा प्रक्रिया पर विचार किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि सीधी भर्ती से भरे जाने वाले समस्त पद साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा द्वारा ही भरे जांय।

प्रस्ताव सं.9. भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय में इलाहाबाद संग्रहालय के दैनन्दिन कार्य के सम्पादन हेतु संस्कृति मंत्रालय द्वारा वाह्य एजेन्सी से नियुक्त 'डाटा इन्ट्री आपरेटर' की नियुक्ति के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।

भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय में इलाहाबाद संग्रहालय के दैनन्दिन कार्य के सम्पादन हेतु संस्कृति मंत्रालय द्वारा वाह्य एजेन्सी से नियुक्त 'डाटा इन्ट्री आपरेटर' की नियुक्ति के विषय पर विचार किया गया तथा विचारोपरान्त अनुपयुक्त होने के कारण मंत्रालय के नामित प्रतिनिधि द्वारा मूल रूप से वापस ले लिया गया।

प्रस्ताव सं.10. इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा पैलेस संग्रहालय, बीजिंग, चीन को भेजी गई कलाकृतियों की सूचना ग्रहण करना।

माननीय अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति द्वारा पैलेस संग्रहालय, बीजिंग, चीन को 7 कलाकृतियां अस्थाई प्रदर्शनी हेतु प्रेषित करने के आदेश का संज्ञान लेते हुए कार्यकारिणी समिति द्वारा उपरोक्त अस्थाई प्रदर्शनी विषयक प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रस्ताव सं.11. इलाहाबाद संग्रहालय में सोलर–पैनल स्थापना हेतु प्रस्ताव।

इलाहाबाद संग्रहालय में सोलर–पैनल स्थापना विषयक प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

Scanned by CamScanner

प्रस्ताव सं.12. इलाहाबाद संग्रहालय में कैन्टीन सुविधा हेतु प्रस्ताव।

इलाहाबाद संग्रहालय में कैन्टीन विषयक प्रस्ताव पर वैचारिक रूप से सहमति प्रदान करते हुए यह कहा है कि संग्रहालय की भूमि के लीज में दी गई शर्तों एवं नियमों को ध्यान में रखते हुए कैन्टीन नवनिर्मित टिकट-घर के समीप बने हुए प्लेटफार्म या अन्य किसी उपयुक्त स्थल पर निर्मित की जा सकती है। यह भी निर्णय लिया गया कि कैन्टीन की स्थापना से संबंधित समस्त खर्च, उसके आबंटन से होने वाली आय तथा दिन-प्रतिदिन के विक्रय से अर्जित धनराशि का एक सम्भावित आंकलन प्रस्ताव के रूप में वित्त समिति की अगली बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय।

प्रस्ताव सं.13. 1. पैनल बोर्ड, केबिल के जीर्णोद्धार के सन्दर्भ में के.लो.नि.वि. द्वारा प्रस्तुत आंकलन रू. 4,94,989/- जिसमें संग्रहालय भवन के अंदर से परिसर में बाहर की तरफ पैनल बोर्ड का स्थानांतरण भी सम्मिलित है का अनुमोदन किया जाना।

पैनल बोर्ड, केबिल के जीर्णोद्धार के सन्दर्भ में के.लो.नि.वि. द्वारा प्रस्तुत आंकलन रू. 4,94,989/- जिसमें संग्रहालय भवन के अंदर से परिसर में बाहर की तरफ पैनल बोर्ड का स्थानांतरण भी सम्मिलित है का अनुमोदन सर्वसम्मति से समिति द्वारा किया गया और यह निर्देश दिया गया कि वित्त समिति की बैठक 19 दिसम्बर 2016 में लिए गए निर्णय के आलोक में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न कराया जाय।

2. क्षतिग्रस्त सौर्य प्रकाश पैनल की केबिल का जीर्णोद्धार तथा परिसर में बने स्टेज हेतु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु रू. 4,98,230/- के प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाना।

क्षतिग्रस्त सौर्य प्रकाश पैनल की केबिल का जीर्णोद्धार तथा परिसर में बने स्टेज हेतु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु रू. 4,98,230/- के प्रस्ताव का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया और यह निर्देश दिया गया कि वित्त समिति की बैठक 19 दिसम्बर 2016 में लिए गए निर्णय के आलोक में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न कराया जाय।

प्रस्ताव सं.14. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य प्रकरण।

1. पुस्तकालयाध्यक्ष एवं जन-सम्पर्क अधिकारी के पद का सृजन।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त पद के सृजन हेतु आवश्यकता एवं उपयोगिता का उल्लेख करते हुए एक प्रस्ताव बनाकर माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशोपरान्त संस्कृति मंत्रालय को प्रेषित किया जाय।

2. संग्रहालय की सुरक्षा एवं संरक्षा विषयक प्रस्ताव।

i. जतन वर्चुअल म्यूजियम बिल्डर- संग्रहालय की सुरक्षा एवं संरक्षा विषयक प्रस्ताव के प्रस्तुतीकरण के दौरान यह अवगत कराया गया कि भारत सरकार के आदेश के क्रम में संग्रहालय की समस्त 72000 कलाकृतियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। डिजिटाइजेशन का कार्य अनवरत चल रहा है। समिति ने उपरोक्त कार्य की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपरोक्त कार्य के पूर्ण होने तक कार्य को जारी रखने की अपेक्षा की है।

ii. आर.एफ.आई.डी. टैगिंग- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार संग्रहालय की समस्त कलाकृतियों की क्रमबद्ध रूप से आर.एफ. आई.डी. टैगिंग, संस्कृति मंत्रालय द्वारा नामित संस्था से सम्पन्न होनी है।

Scanned by CamScanner

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा नामित नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम के प्रस्ताव पर इस परिप्रेक्ष्य में विचार किया गया। तदुपरांत इस कार्य पर होने वाले संभावित व्यय रु. 15 लाख का अनुमोदन किया गया।

iii. सेफ्टी डिवाइसेस– संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रेषित पत्र एवं सुभाष दत्ता बनाम भारत सरकार एवं अन्य के विषय में आयोजित 5वीं रिव्यू कमेटी की बैठक दिनांक 6 दिसम्बर 2016 के कार्यवृत्त का संज्ञान लेते हुए सी.सी.टी.वी. सिस्टम के विस्तार, फायर फाइटिंग उपकरणों के विस्तार, फायर हाइड्रेन्ट, होज रील, सबमर्सिबल पम्प इत्यादि के बिल्डिंग एण्ड वर्क्स कमेटी की दिनांक 26 अक्टूबर 2016 की अनुशंसा के क्रम में समिति ने सी.सी.टी.वी. सिस्टम तथा फायर संरक्षा के उपरोक्त उपकरणों हेतु अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है तथा यह अपेक्षा की कि यह कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, इलाहाबाद से उनके प्राक्कलन के आधार पर वित्त–समिति की बैठक दिनांक 19 दिसम्बर 2016 के निर्णय के आलोक में प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न कराया जाय. कार्य का विवरण अधोलिखित है–

1. Providing and Installation of CCTV system at Allahabad Museum, Allahabad, Rs. 49,50,225.00
2. Providing and Installation of automatic Fire alarm system inclduing Fire Extinguisher at Allahabad Museum, Allahabad, Rs. 67,23,820.00
3. Providing and Installation of Fire Fighting (wet riser) system at Allahabad Museum, Allahabad, Rs. 97,23,656.00

iv. लिफ्ट– संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रेषित पत्र एवं सुभाष दत्ता बनाम भारत सरकार एवं अन्य के विषय में आयोजित 5वीं रिव्यू कमेटी की बैठक के कार्यवृत्त का संज्ञान लेते हुए सी.आई.एस.एफ. द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर विचार किया गया तथा उनकी कंसल्टेन्सी सेवा हेतु उनके पत्र में उल्लिखित धनराशि रू. 3.25 लाख का अनुमोदन किया गया तथा यह भी कहा है कि दिव्यांगों, दृष्टिबाधित एवं अन्य असमर्थ आगन्तुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा बिल्डिंग एवं वर्क्स कमेटी की बैठक दिनांक 26 अक्टूबर 2016 एवं वित्त समिति की बैठक दिनांक 19 दिसम्बर 2016 की अनुशंसा के आलोक में यह निर्णय लिया गया कि के.लो.नि.वि. प्राक्कलन के आधार पर एक 'लिफ्ट' की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

3. इलाहाबाद संग्रहालय हेतु नवीन भूखंड विषयक प्रस्ताव।

संग्रहालय भवन के संबंध में मुख्यतः यह निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम इस बात का प्रयास किया जाए कि संग्रहालय की वर्तमान भूमि/भवन का स्वामित्व किस प्रकार संग्रहालय को प्राप्त हो। इस संबंध में विभिन्न विकल्पों पर विचार कर स्पष्ट प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय। विकल्प के रूप में अन्यत्र दर्शकों की सुविधानुसार उपयुक्त स्थल पर भूखण्ड चयनित कर समस्त व्ययों सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया।

समिति ने यह अपेक्षा की है कि कार्यकारिणी की अगली बैठक मार्च–2017 में इलाहाबाद संग्रहालय में ही आयोजित की जाए।

रा. पुरोहित

( राजेश पुरोहित )
निदेशक
सदस्य–सचिव

16.1.17
( राम नाईक )
माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र.
अध्यक्ष

Scanned by CamScanner